Paper III (4) : Urban Geography

M.M. : 100

खण्ड—'अ' $2 \times 10 = 20$

1. 'प्रिन्सीपल्स ऑफ सिटी लैण्ड वैल्यू-1903' नामक पुस्तक के लेखक हैं—

(अ) आर.एम. हर्ड (ब) आर.ई. डिकिन्सन

(स) एल. ममफोर्ड (द) जी. टेलर।

2. 'मेगालोपोलिस' शब्द किसने प्रतिपादित किया?

(अ) पी. दयाल (ब) जॉन गाटमैन (स) पी. हैगेट (द) आर.ई. डिकिन्सन।

3. इनमें से कौन नगरीय भूगोलवेत्ता नहीं है?

(अ) आर.ई. डिकिन्सन (ब) एच.एम. मेयर

(स) विडाल डि ला ब्लाश (द) होमर हायट।

4. भारत का कौन-सा नियोजित नगर है?

(अ) चेन्नई (ब) कानपुर (स) चण्डीगढ़ (द) प्रयागराज।

5. 2011 की जनगणना के अनुसार भारत में नगरीय जनसंख्या का प्रतिशत है—

(अ) 23·32 (ब) 25·43 (स) 27·82 (द) 29·40.

6. नगर नियोजन का प्रमुख उद्देश्य नगरवासियों के कल्याण तथा उनके जीवन स्तर को ऊँचा उठाना है। परिभाषित किया है—

(अ) एच. कार्टर (ब) आर.एल. सिंह (स) एन.पी. लेविस (द) एल.डी. स्टाम्प।

7. मेयर का चुनवा कहाँ होता है?

(अ) नगर पंचायत (ब) नगर पालिका (स) नगर निगम (द) इनमें से कोई नहीं।

8. डब्ल्यू.एस. क्रिस्टालर द्वारा किस सिद्धान्त को प्रतिपादित किया गया?

(अ) भूमि अवस्थिति सिद्धान्त (ब) जनांकिकी सिद्धान्त

(स) केन्द्रीय स्थल सिद्धान्त (द) जनसंख्या वृद्धि सिद्धान्त।

9. भारत के निम्नलिखित नगरों में से किस नगर में सबसे बड़ी मलिन बस्ती मिलती है?

(अ) मुम्बई (ब) हैदराबाद (स) बंगलौर (द) कानपुर।

10. सी.बी.डी. का फुलफार्म (विस्तार) क्या है?

(अ) सेन्ट्रल बोर्ड ऑफ डेवलपमेण्ट (ब) सिटी बोर्ड ऑफ डेवलपमेण्ट

(स) सेन्ट्रल बिजनेस डिस्ट्रिक्ट (द) इनमें से कोई नहीं।

खण्ड—'ब'

$4 \times 5 = 20$

1. नगरीय भूगोल के विषय क्षेत्र की विवेचना कीजिए।

2. वाल्टर क्रिस्टालर के केन्द्र स्थल सिद्धान्त के K-3 मान का वर्णन कीजिए।

3. मेट्रोपोलिटन नगर पर एक संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए।

4. आवासीय समस्या नगर नियोजन का अहम पहलू है, स्पष्ट कीजिए।

5. ग्रामीण-नगरीय संक्रमण पेटी को परिभाषित कीजिए।

6. भारत में नगरीकरण की समस्याओं की विवेचना कीजिए।

7. भारतीय जनगणना के अनुसार नगरीय क्षेत्र को परिभाषित कीजिए।

8. नगरीय भूगोल में नवीन प्रवृत्तियों का वर्णन कीजिए।

9. औद्योगीकरण का नगरीकरण पर क्या प्रभाव पड़ता है, भारतीय सन्दर्भ में उल्लेख कीजिए।

10. भारतीय मलिन बस्ती पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए।

खण्ड—'स'

$3 \times 20 = 60$

1. नगरों की उत्पत्ति एवं विकास की अवस्थाओं की व्याख्या कीजिए।

2. हैरिस और उलमैन के बहुनाभिकीय सिद्धान्त का वर्णन कीजिए।

3. भारत के महानगरों में पर्यावरण प्रदूषण की समस्या अति गम्भीर है, इस समस्या के समाधान हेतु अपने सुझाव दीजिए।

4. नगर नियोजन से आप क्या समझते हैं? भारत में नगर नियोजन के लिए उठाये गये कदमों की व्याख्या कीजिए।

5. निम्नलिखित में से किन्हीं दो पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए—

(अ) कोटि आकार नियम, (ब) नगर प्रभाव क्षेत्र, (स) सी.बी.डी., (द) भू–उपयोग प्रतिरूप नगरीय क्षेत्र का।